# बुजुर्ग चरवाहे के हत्या का पर्दाफाश, हत्यारे खुद के पोते के ही दोस्त निकले



छतरगढ़ थाना पुलिस ने बुजुर्ग चरवाहे के हत्यारे भरत सिख, अर्जुन व बिट्टू सिकलीगर एवं विक्की सिंह को गिरफ्तार किया।

- **आरोपियों ने बुजुर्ग चरवाहे की हत्या कर भेड़ बकरियों को किराये की पिकअप में डालकर ले जाने की बात स्वीकार की**
- **वारदात का मास्टरमाइंड भरत था जो वर्षों पहले अपने परिवार के साथ छतरगढ़ में आकर मजदूरी का काम करता था**

**बीकानेर,**(कासं)। जिले के छतरगढ़ पुलिस थाने क्षेत्र में भेड़ बकरियों की चोरी के लिए बुजुर्ग चरवाहे को मौत के घाट उतार देने वाली दिल दहला देने वाली वारदात के सभी आरोपियों को छतरगढ़ पुलिस टीम ने शनिवार को पदमपुर पुलिस द्वारा शुक्रवार शाम को डिटेन करने के बाद छतरगढ़ थाने लेकर आई है। बुजुर्ग के हत्यारे खुद के पोते के ही दोस्त निकले।

पुलिस थाने में सभी आरोपियों से पूछताछ जारी है। आरोपियों ने भेड़ बकरियों को किराये की पिकअप गाड़ी में डालकर ले जाने की बात स्वीकार की है। वही चरवाहे 70 साल के बुजुर्ग उमाराम मेघवाल की टेप से मुंह बांधकर हत्या करने की भी बात पुलिस के सामने की है। सीआई अनिल झांझडिया के नेतृत्व में छतरगढ़ पुलिस टीम द्वारा शनिवार को पदमपुर से छतरगढ़ लेकर आने बाद खाजूवाला सीओ अमरजीत चावला छतरगढ़ पहुंचे और चारों आरोपियों से पूछताछ की।

पुलिस ने चरवाहे की ढाणी का भी मौका मुआयना करते हुए घटना स्थल से अहम सुराग जुटाए। वारदात का मास्टरमाइंड भरत रहा जो वर्षों पहले अपने परिवार के साथ छतरगढ़ में मजदूरी का काम करता था। मुख्य आरोपी भरत का चरवाहे उमाराम मेघवाल की ढाणी में इस दौरान आना जाना था। घटना से कुछ दिनों पहले भी एक बार यहां आया था तथा अभियुक्त की मां भी करीब एक महिने पहले यहां आकर रूकी थी। इस दौरान भरत ने भेड़ बकरियों, ढाणी व परिवार की रात्रि दौरान जानकारी ले चुका था।

सीओ अमरजीत चावला ने बताया कि छतरगढ़ नेशनल हाईवे स्थित अनाज मंडी के सामने भेड़ बकरियों से अपने परिवार का लालन पोषण करने वाले बुजुर्ग चरवाहे उमाराम मेघवाल की ढाणी में भेड़ बकरियों को चुराने के लिए आरोपी गुरूवार देर रात को एक पिकअप जो पदमपुर से किराये पर लेकर आये थे। पिकअप गाड़ी में सवार छह जने थे। इसमें तीन जने ढाणी में वारदात को अंजाम देने के आये बाकी तीन गाड़ी में ही थे। भेड़ बकरियों को चुराने से पहले ढाणी में सो रहे परिवार पर नशीली दवा छिड़ककर बेहोश किया। फिर बाड़े के पास सो रहे उमाराम मेघवाल का टेप से मुंह बांध दिया और 32 भेड़ बकरियां को सौ मीटर पैदल लेकर सड़क किनारे खड़ी पिकअप गाड़ी में अपने साथियों के सहयोग से भरकर सड़क मार्ग से पदमपुर की तरह फरार हो गए थे। जहां आरोपी पदमपुर ढाणी के पास एक सुनसान जगह भेड़ बकरियों को उतार कर बंद कर दिया और पिकअप गाड़ी को घर रवाना कर अपनी ढाणी में आराम करने लग गए। पुलिस ने निशानदेही और फोन कॉल की लोकेशन के पदमपुर पुलिस थाने में सूचना दी। उस आधार पर अपराधियों को शुक्रवार शाम को डिटेन करते हुए पदमपुर थाने में लाकर बंद कर दिया।

पिकअप में सवार होकर आये एक आरोपी ने पहले ढाणी में घुसकर पिकअप गाड़ी में बैठे अन्य साथियों को जानकारी देने के लिए पहले घटना स्थल से वीडियो कॉल करके ढाणी में सो रहे सभी सदस्यों, ढाणी व बाड़े सहित उमाराम मेघवाल की लोकेशन ली थी। इसके बाद घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने भरत (28) पुत्र कुलदीप सिंह जाति मजबी सिख निवासी छतरगढ़ हाल 29 जीबी विजयनगर श्रीगंगानगर, बिट्टू (21) पुत्र बलकार सिंह जाति सिकलीगर निवासी प्रीत नगर बस्ती भोना चौक मोंगा पंजाब, आरजू उर्फ अर्जुन (18) पुत्र दास सिंह जाति सिकलीगर प्रीत नगर बस्ती भोना चौक मोंगा पंजाब, हाल धानमंडी सामने पदमपुर श्रीगंगानगर, विक्की सिंह (20) पुत्र दास सिंह जाति सिकलीगर निवासी प्रीत नगर बस्ती भोना चौक मोंगा पंजाब, हाल निवासी अनाज मंडी सामने पदमपुर श्रीगंगानगर को गिरफ्तार किया। आरजू व विक्की दोनों सगे भाई हैं। कार्रवाई में खाजूवाला सीओ अमरजीत चावला के सुफरविजन में छतरगढ़ सीआई अनिल झांझडिया, एएसआई नन्दराम, सिपाही पारस, भानुप्रताप, मदनलाल, संदीप कुमार, कृष्णलाल आदि ने इस कार्रवाई में अहम भूमिका निभाई।

## कपिल सरोवर में आज श्रमदान

**कोलायत,**(कासं)। कोलायत पंचायत समिति के विकास अधिकारी द्वारा कार्तिक पूर्णिमा कपिल मुनि मेले की तैयारियों के तहत विशेष श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह श्रमदान 27 अक्टूबर को सुबह 9:30 बजे कपिल सरोवर प्रांगण में होगा, जिसका उद्देश्य स्वच्छता और व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

इस अभियान में पंचायत समिति के अंतर्गत आने वाली सभी ग्राम पंचायतों के प्रशासक, ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ठ सहायक और ग्राम रोजगार सहायकों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। विकास अधिकारी वीर पाल सिंह ने बताया कि सरोवर की स्वच्छता के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत को विशेष घाट आवंटित किए गए हैं। इससे सफाई कार्य सुव्यवस्थित और समन्वित ढंग से संपन्न हो सकेगा।

गौ घाट रैम्प की जिम्मेदारी भेलू, गडियाला और टोकला ग्राम पंचायतों को दी गई है। इसके अतिरिक्त, दासौड़ी, पैथड़ों की ढाणी, गोविन्दसर, देवडों की ढाणी, खारिया मलीनाथ, मण्डाल चारनान, झझू, चक विजयसिंहपुरा, गिराजसर, हाडला भाटियान, कोलायत, नैणिया, कोटड़ी, मंड, अक्कासर, गंगापुरा, खीदासर, खारिया पातावतान, खारी बारनान, नांखड़ा, बीतनोक, सियाणा बड़ा, राणासर, सूरजड़ा, गुड़ा, शिम्भु का भुर्ज, दियात्तरा, रणधीसर, भोलासर, नांदड़ा, गजनेर, लम्मणा माटियान, चानी, खासूसर और हंदा सहित अन्य ग्राम पंचायतों को भी क्रमवार घाटों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पंचायत प्रतिनिधियों को अपने साथ लोहे के ब्रुश, बांस की झाड़ू और बाल्टियां लाने के निर्देश दिए हैं।

## सार-समाचार

### चिकित्सा व्यवस्थाएं जांची



मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र वर्मा ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया।

**बीकानेर,** (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र वर्मा ने एसडीएम जिला अस्पताल का निरीक्षण किया और अस्पताल में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान डॉ. वर्मा ने अस्पताल के आपातकालीन, ऑपरेशन थियेटर, लेबर रूम, इनडोर वार्ड एवं आउटडोर का निरीक्षण किया और अस्पताल की व्यवस्थाओं के साथ भीड़ प्रबंधन की सराहना की। प्राचार्य ने अस्पताल में संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए और मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में क्लेम रिजेक्शन कम करने के निर्देश दिए। जिला अस्पताल अधीक्षक डॉ. सुनील हर्ष ने दानदाताओं द्वारा करवाए जाने वाले कार्यों और मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. वर्मा ने जिला अस्पताल के उन्नयन और हीमोडायलिसिस यूनिट से संबंधित बजट घोषणाओं के काम शुरू करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान अधीक्षक डॉ सुनील हर्ष ने मेडिकल कॉलेज में डॉ. वर्मा का अभिनंदन किया। मौके पर अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. घनश्याम, डॉ. गुलाब खत्री, डॉ. जितेन्द्र आचार्य, डॉ. संजय खत्री, डॉ. गौरव जोशी, डॉ. प्रवीण, नर्सिंग अधीक्षक रेवंत सिंह, अमित वशिष्ठ, लेखाधिकारी दुष्यंत छींपा और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### राती घाटी युद्ध विजय दिवस तैयारी



राती घाटी युद्ध विजय दिवस समारोह के पोस्टर का समिति के संस्थापक महामंत्री डॉ. जानकी नारायण श्रीमाली विमोचन किया।

**बीकानेर,** (कासं)। राती घाटी शोध एवं विकास समिति बीकानेर द्वारा 1 नवम्बर को राती घाटी युद्ध विजय दिवस समारोह रविन्द्र रंगमंच पर आयोजित किया जायेगा। आज राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षण संस्थान बीकानेर में समारोह के पोस्टर एवं आमंत्रण पत्र के विमोचन का कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में राती घाटी समिति के संस्थापक महामंत्री डॉ. जानकी नारायण श्रीमाली, जोधपुर प्रांत सम्पर्क प्रमुख डॉ. अशोक शर्मा, जिला अध्यक्ष डॉ. रामगोपाल शर्मा, राती घाटी शोध एवं विकास समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह बीका, प्रदीप सिंह चौहान एवं अनेक गणमान्य सदस्य, प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। पोस्टर एवं आमंत्रण पत्र के विमोचन से पूर्व डॉ. जानकी नारायण श्रीमाली ने संबोधित करते हुए कहा कि राती घाटी युद्ध भारतीय वीरों के इतिहास का एक विशेष अध्याय है। जोधपुर प्रान्त संपर्क प्रमुख डॉ. अशोक शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय इतिहास में छद्म विमर्श प्रचलन में है कि भारतीय वीर, विदेशी आक्रांताओं से युद्ध नहीं जीत पाए। इस विमर्श को इस युद्ध का इतिहास एवं शोध समाप्त करता है। राती घाटी समिती के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह बीका ने कहा कि राजस्थान वीर प्रसविनी भूमि है। यहां जैतसी जैसे वीरों ने कामरान जैसे दुर्दान्त आक्रमणकारी मुगल को नाकों चने चबवाये हैं। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम का संचालन करते हुए अखिल भारतीय इतिहास संकलन समिति के बीकानेर अध्यक्ष डॉ. रामगोपाल शर्मा ने किया।

### 'तेरापंथ मेरापंथ' कार्यशाला शुरू

**लूणकरनसर,** (कासं)। तेरापंथ भवन में दो दिवसीय 'तेरापंथ मेरापंथ' कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। यह आयोजन साध्वी ललित कला ठाणा-4 के सानिध्य में किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आचार्य भिक्षु के सिद्धांतों को सरल भाषा में समझाना था। कार्यक्रम को तीन चरणों में विभाजित किया गया था। इसमें उपासिका सरिता श्यामसुखा और कार्यशाला की प्रशिक्षिका सुनीता पगलिया ने आचार्य भिक्षु के विभिन्न सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। चर्चा के मुख्य विषयों में तेरापंथ का उद्भव, धर्म के अधिकारी कौन, दान-दया का सिद्धांत, साध्य-साधन-साधना-सिद्धि की मीमांसा और पुण्य की समीक्षा शामिल थे। इन सभी विषयों को व्यावहारिक उदाहरणों के साथ समझाया गया। उपासिका सरिता श्यामसुखा ने बताया कि लक्ष्य की प्राप्ति तभी संभव है जब साध्य और साधन दोनों शुद्ध हों। उन्होंने मूर्ति पूजा के संदर्भ में द्रव्य पूजा और भाव पूजा का अंतर स्पष्ट करते हुए भाव पूजा को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी समझाया कि जहां हिंसा है, वहां धर्म नहीं, जहां धर्म नहीं वहां निर्जरा नहीं और जहां निर्जरा नहीं, वहां मुक्ति भी नहीं। इसलिए आचार्य भिक्षु के इन सिद्धांतों को जीवन में अपनाना महत्वपूर्ण है। इस कार्यशाला का संचालन सभा क्षेत्रीय प्रभारी विनोद सिंगी और मोनिका नौलखा ने किया। कार्यक्रम के अंत में, अध्यक्ष सरिता चौपड़ा और पूर्व अध्यक्ष विजय दुगड़ ने दोनों बहनों (विनोद सिंगी और मोनिका नौलखा) को साहित्य भेंट कर सम्मानित किया।

### बिश्नोई महासभा को जमीन सौंपी

**नोखा,** (कासं)। हिम्मटसर मुकाम स्थित गुरू जंभेश्वर भगवान की तपोभूमि में स्व. मांगीलाल बागड़ी के परिवार ने हेलीपैड, मेला बाजार परिषद और पुलिस चौकी के पास की खाली जमीन अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा को सौंप दी है। यह भूमि 5 करोड़ रूपये में बिश्नोई समाज को सुपुर्द की गई। इस जमीन पर पिछले 30 वर्षों से मेला लगता आ रहा है, जिससे यह हस्तांतरण वर्षों पुरानी भूमि संबंधी समस्या का समाधान माना जा रहा है। यह भूमि हस्तांतरण अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र बुढिया, नोखा के पूर्व चेयरमैन श्रीनिवास झंवर और पूर्व विधायक बिहारीलाल बिश्नोई के निवेदन पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर भामाशाह राजाराम धारणिया, राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद धारणिया, बनवारी डेलू, धर्मपाल बिश्नोई, कोषाध्यक्ष रामस्वरूप धारणिया मौजूद थे।

## सोलर प्लांट में चोरी का आरोपी गोवा एयरपोर्ट से गिरफ्तार

- **वारदात के बाद मुख्य आरोपी दुबई भाग गया था, दो अन्य पहले ही गिरफ्तार किये जा चुके हैं**

**पूगल,** (कासं)। पूगल थाना पुलिस ने सोलर प्लांट में चोरी के एक आरोपी को गोवा एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। आरोपी चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद दुबई भाग गया था। पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए लुक आउट सर्कुलर जारी किया था।

गिरफ्तार किये गए आरोपी की पहचान विनोद कुमार पुत्र इन्द्राज मेघवाल निवासी 4 डीजेएम रामसिंहपुर के रूप में हुई है। इस मामले में पूगल पुलिस पहले ही सोलर प्लांट में चोरी के दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। यह चोरी की घटना गत 18 सितम्बर को पूगल क्षेत्र के बांदरवाला स्थित सोलर प्लांट में हुई थी। जिसकी शिकायत प्लांट के सिक्योरिटी गार्ड ने दर्ज कराई थी।

पूगल पुलिस की आरोपी विनोद कुमार से पूछताछ जारी है। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना अधिकारी राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में हैड कांस्टेबल धर्माराम, सुशील कुमार, अविनाश कुमार और आसूलाल भादू शामिल थे।

**बड़ी घटना को अंजाम देने से पहले पकड़े :** बीकानेर में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की कोशिश में जुटे तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवकों में दो हनुमानगढ़ के और दो बीकानेर के रहने वाले हैं। एडिशनल एसपी सौरभ तिवाड़ी के निर्देश पर हुई कार्रवाई के दौरान एक बोलेरो गाड़ी भी सीज की गई है।

पुलिस ने जिन युवकों को गिरफ्तार किया है, उनमें हनुमानगढ़ जिले के हुसैन पुत्र इकरामुदीन तेली मुसलमान उम्र 23 वर्ष निवासी नेहरु नगर नोहर जसवंत सिंह पुत्र इंद्राजसिंह जाट उम्र 36 वर्ष निवासी रातुसर नोहर शामिल है। इसके अलावा बीकानेर के महावीर जाट उम्र 25 वर्ष निवासी गली नंबर 18 रामपुरा बस्ती और लक्की खां पुत्र सलीम उर्फ शाहरुख खां जाति मुसलमान उम्र 19 वर्ष निवासी टैक्सी स्टैंड, सर्वोदय बस्ती को भी गिरफ्तार किया गया है।

इनसे कुछ आपत्तिजनक सामान भी पुलिस को बरामद हुआ है। एक कैम्पर गाड़ी भी बरामद की है। ये गाड़ी किसकी है और इनके पास कैसे आई, इसकी भी जांच हो रही है। बीकानेर में लगातार बढ़ते अपराध के बीच पुलिस ने रविवार को कई जगह दबिश दी। सभी थानाधिकारियों को इस संबंध में आदेश दिए गए हैं। इसी की पालना में मुक्ता प्रसाद नगर थाने ने इन चार युवकों को दबोच लिया है।

## 50 पेटी अवैध शराब सहित दबोचा

**अनूपगढ़,** (कासं)। पुलिस ने गांव 26 एपीडी में 50 पेटी अवैध शराब बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

एसएचओ ईश्वर जांगिड़ ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इस टीम ने गांव 26 एपीडी स्थित एक घर में दबिश दी और वहां से 50 पेटी अवैध शराब (2400 पव्वे) जब्त की। पुलिस ने इस मामले में आरोपी हरगोविंद सिंह (30) पुत्र महेंद्र सिंह, निवासी चक 26 एपीडी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब सप्लाई करने वाले मुख्य आरोपी को भी नामजद किया है, जिसकी तलाश जारी है। आरोपी हरगोविंद सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच एसआई रामेश्वर लाल को सौंपी गई है। इस कार्रवाई को अंजाम देने में बांडा पुलिस चौकी के प्रभारी एएसआई कालूराम मीणा, कानि. सतनाम सिंह, अखिल व श्रवण की विशेष भूमिका रही।

## छठ महोत्सव, आज ढलते सूर्य को देंगे अर्ध्य

- **पूर्वांचल समाज की महिलाओं ने पूजा सामग्री की खरीददारी की**
- **मंगलवार को उदय होते सूर्य भगवान को अर्ध्य देकर व्रत खोलेंगे**

**सूरतगढ़,** (कासं)। सूरतगढ़ में पूर्वांचल समाज की महिला व पुरूषों ने सोमवार को ढलते सूर्य को अर्ध्य देने के लिए रविवार को बाजार में पूजा सामग्री की जमकर खरीददारी की।

दिनभर बाजार में समाज की महिलाओं की भीड़ नजर आई। व्रतधारी सांझ के सूर्य भगवान की पानी में खड़े होकर आराधना करेंगे व पूजा-अर्चना कर अर्ध्य देंगे।

सांझ के अर्ध्य को लेकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बनाये अस्थायी घाटों को रंग-बिरंगी बिजली की लडियों, कागज की फरियों व फूल मालाओं से सजाया गया है। इनमें अग्निशमन कार्यालय के पास, वार्ड नंबर 42 व औद्योगिक क्षेत्र में सांझ के सूर्य को अर्ध्य देने अस्थाई घाट बनाकर उनमें शुद्ध जल भरा है। व्रतधारी सोमवार को सांझ व मंगलवार को उदय होते सूर्य भगवान को अर्ध्य देकर 36 घंटे निर्जल रहने के बाद व्रत खोलेंगे।

सांझ के सूर्य को अर्ध्य देने व्रतधारी घरों से सिर पर बांस की टोकरी में पूजा सामग्री रख कर ढोल-बाजों के साथ छठ मैया के जयघोष, मंगल गीतों व दंडवत प्रणाम करते हुए घाटों पर पहुंचेंगे। घाट में भरे जल में खड़े होकर सांझ के सूर्य को अर्ध्य देकर सुख-समृद्धि व बच्चों की लम्बी उम्र की प्रार्थना करेंगे। इसके लिए पूर्वांचल समाज की महिला व पुरूषों ने बाजार में बांस की टोकरी, फल, मिठाई, गन्ना, सुहाग की वस्तुओं सहित पूजा की अन्य सामग्री की खरीददारी की।

## सरकारी स्कूलों में 31 को लगेगा श्रीकृष्ण भोग

- **खुशी के मौके पर अभिभावक की ओर से श्रीकृष्ण भोग का आयोजन होगा**

**बीकानेर,** (कासं)। प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में 31 अक्टूबर को श्रीकृष्ण भोग का आयोजन होगा। इसी दिन स्कूल में मेगा पीटीएम का आयोजन किया जायेगा।

ऐसे में आम लोगों को स्कूल से जोड़ने के लिए श्रीकृष्ण भोग का आयोजन किया जा रहा है। मेगा पीटीएम में सभी अभिभावकों को आमंत्रित किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) किशनदान चारण ने बताया कि सभी सरकारी स्कूलों में मेगा पीटीएम के दौरान पढ़ाई के साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास पर अभिभावकों से बात की जायेगी। इसी दौरान मिड-डे-मिल के तहत श्रीकृष्ण भोग का आयोजन हो सकता है। किसी स्टूडेंट का जन्मदिन होने पर, अभिभावक की विवाह वर्षगांठ होने पर या अन्य किसी खुशी के मौके पर अभिभावक की ओर से श्रीकृष्ण भोग का आयोजन होगा। परिजन चाहे तो सिर्फ मिठाई का वितरण कर सकेंगे और चाहें तो बच्चों के लिए पूरे भोजन की व्यवस्था भी कर सकते हैं। ये एक दिन का श्रीकृष्ण भोग अभिभावक की तरफ से होगा। इस पीटीएम के दिन टीचर्स को नए अभिभावकों को स्कूल से जोड़ने का प्रयास करना होगा।

## पांच दिन से युवक लापता

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। चक दो डी बड़ी निवासी एक 16 वर्षीय किशोर अचानक गायब हो गया। यह घटना 21 अक्टूबर को दोपहर करीब 2 बजे की है। पांच दिन से लगातार तलाश की जा रही है लेकिन किशोर का कोई पता नहीं चल पाया है।

इस संबंध में पीडित पिता के परिवाद पर हिंदुमलकोट थाने में अज्ञात लोगों पर किशोर का अपहरण करके ले जाने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। एएसआई किशनाराम को जांच सौंपी गई है। पीड़ित पिता की ओर से दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि उसका बेटा 21 अक्टूबर को करीब दो बजे घर से गांव में हेयर सैलून में बाल कटवाने का कहकर गया था। वह देर शाम तक घर नहीं लौटा। रिश्तेदारों और उसके दोस्तों से भी पता किया लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

## कोलायत में पटवारियों पर गलत गिरदावरी का आरोप

- **मूंगफली की जगह मूंग, मोठ, ग्वार दर्ज कर दी, समर्थन मूल्य पर मूंगफली बेचने में परेशानी**

**कोलायत,** (कासं)। कोलायत के किसानों ने पटवारियों पर फसल की गलत गिरदावरी करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि खेतों में मूंगफली की फसल तैयार है, लेकिन गिरदावरी रिपोर्ट में मूंग, मोठ और ग्वार दर्ज कर दी गई है। इस त्रुटि के कारण किसानों को सरकारी समर्थन मूल्य पर अपनी मूंगफली बेचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

किसान संबंधित पटवारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

क्षेत्र के किसानों का आरोप है कि पटवारियों ने मौके पर जाकर फसलों का मुआयना नहीं किया, बल्कि किसी अन्य व्यक्ति से गिरदावरी करवाई है। मौके पर मूंगफली की फसल होने के बावजूद, गिरदावरी रिपोर्ट में ग्वार, मोठ और मूंग जैसी फसलें दर्ज की गई हैं। इससे किसानों को काफी दिक्कत हो रही है। किसानों ने बताया कि गलत गिरदावरी के कारण उनकी मूंगफली की फसल सरकारी समर्थन मूल्य पर बिकने की स्थिति अनिश्चित हो गई है। खिंदासर के पूर्व सरपंच प्रभात सिंह भाटी ने भी हदां तहसील में ऐसी ही स्थिति बताई। उन्होंने उदाहरण दिया कि उनके खेत में मूंगफली की पैदावार है, जबकि पटवारी ने गिरदावरी रिपोर्ट में मूंग और मोठ दर्शा दिया है। किसानों ने कई बार संबंधित पटवारी को फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया। अपनी समस्या को लेकर किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने विधायक अंशुमान सिंह भाटी से मुलाकात की। भाटी ने इस मामले में एसडीएम राजेश कुमार नायक से जल्द समाधान करने को कहा है। तहसीलदार बिहारी लाल ने इस संबंध में बताया कि यह त्रुटिवश गलती हो सकती है। उन्होंने सभी पटवारियों को दोबारा मौके पर जाकर फसलों का मुआयना करने के निर्देश दिए हैं।

# शिवपुर हैड पर हवन-यज्ञ व पूजा-अर्चना कर मनाया गंगानगर स्थापना दिवस




गंगानगर स्थापना दिवस पर जिला कलेक्टर डॉ. मंजू ने शिवपुर हैड पर हवन पूजन किया।

- **महाराजा गंगासिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की**

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। गंगानगर जिले का स्थापना दिवस-2025 हर्षोल्लास से मनाया गया। स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित तीन दिवसीय गंग महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को गंगासिंह चौक पर जिले के संस्थापक महाराजा गंगासिंह को श्रद्धापूर्वक नमन कर पुष्पाजंलि दी। इसके बाद शिवपुर हैड पर हवन-यज्ञ कर पूजा-अर्चना की गई।

सर्वधर्म प्रार्थना सभा में बालिकाओं ने जिले की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। जबकि अतिथियों द्वारा महाराजा गंगासिंह की स्मृति में बनाए म्यूजियम का अवलोकन किया गया। इस बीच पर्यटन विभाग की ओर से लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नृत्य और लोकगीतों की प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। इससे पूर्व गंगासिंह चौक पर महाराजा गंगासिंह की प्रतिमा पर गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी, जिला कलेक्टर डॉ. मंजू, अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन सुभाष कुमार, एडीएम सतर्कता रीना, जिला परिषद सीईओ श्री गिरधर, एसडीएम नयन गौतम, जल संसाधन विभाग के एसई धीरज चावला, एएसपी रघुवीर शर्मा, नगर परिषद आयुक्त रविन्द्र यादव, स्वाति गुप्ता, पूर्व विधायक राजकुमार गौड, सीताराम मौर्य, रतनलाल गणेशगढिया, श्याम धारीवाल सहित अन्य द्वारा पुष्प अर्पित किए गये। लोक कलाकारों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां दी गई। जिला कलेक्टर डॉ. मंजू ने हवन व पूजा-अर्चना की। सर्वधर्म प्रार्थना सभा में पंडित कृष्ण कुमार तिवाड़ी ने विधि विधान से हवन व पूजा- अर्चना करवाई।

जबकि बालिकाओं ने जिले की खुशहाली की कामना करते हुए सर्वधर्म प्रार्थना की। इस मौके पर विधायक जयदीप बिहाणी, बलदेवसिंह बराड़, अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन सुभाष कुमार, एडीएम सतर्कता रीना, जिला परिषद सीईओ गिरधर मौजूद थे।

## अवैध वसूली का आरोपी दलाल गिरफ्तार

**रायसिंहनगर,** (कासं)। पुलिस ने दलाली के नाम पर अवैध वसूली करने के आरोप में एक कथित दलाल को देर शाम गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पुलिसकर्मियों के नाम पर एक मुकदमे का निपटारा कराने के एवज में हजारों रूपए वसूलने का आरोप है। पीडित की शिकायत पर पुलिस ने 11 सितम्बर को आरोपी कुलदीप कुमार और एक महिला छिद्र पाल कौर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। शिकायत के अनुसार चक 26 एनपी निवासी कृष्ण पुत्र ध्यान सिंह से आरोपी ने मुकदमे में सजा दिलाने की धमकी देकर तीन बार में हजारों रूपए वसूले थे। पहले 10 हजार फिर 18 हजार और बाद में 20 हजार रूपए की मांग कर वसूली की गई। इसके बाद आरोपी ने झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए 25 हजार रूपए और मांगे। इस मामले की जांच डीएसपी अनु बिश्नोई को सौंपी गई थी। माकपा कार्यकर्ताओं ने भी कार्रवाई की मांग की थी। जांच के दौरान जब आरोपी से पीड़ित से ली गई रकम की बरामदगी के लिए दबाव बनाया गया, तो आरोपी कुलदीप और उसकी पत्नी ने प्रेस वार्ता कर पुलिस पर ही पैसे मांगने के आरोप लगाकर खुद को बचाने का प्रयास किया। हालांकि, पुलिस ने सभी तथ्यों की जांच के बाद शनिवार देर शाम आरोपी दलाल कुलदीप कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

**राजस्थान सरकार कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
**Telefax No. 0154-2466652, Email: uit_sgnr@yahoo.com**
Office Address: UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन / 2025-26 दिनांक :
**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 2 ई छोटी मुरब्बा नं. 58 के किला नं. 16 में भूखण्ड संख्या माप 15' गुणा 40'-0" फीट के नियमन / पट्टा हेतु आवेदक श्रीमती सुनीता पत्नी सतीश कुमार निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती सुनीता पत्नी सतीश कुमार निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 2 ई छोटी मुरब्बा नं. 58 के किला नं. 16 में भूखण्ड संख्या माप 15' गुणा 40'-0" फीट का नियमन / पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन / पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
**- सचिव नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

**राजस्थान सरकार कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
**Telefax No. 0154-2466652, Email: uit_sgnr@yahoo.com**
Office Address: UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन / 2025 Rajkaj Ref No. 18226864 दिनांक :-14.10.2025
**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 11. के किला नं. 18 में भूखण्ड संख्या का माप 15 गुणा 60" फीट के नियमन / पट्टा हेतु आवेदक श्री रायसाहब पुत्र श्री पन्नाराम निवासी एच 22 गुलाबी बाग श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर- अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री रायसाहब पुत्र श्री पन्नाराम निवासी एच 22 गुलाबी बाग श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 11. के किला नं. 18 में भूखण्ड संख्या का माप 15 गुणा 60" फीट का नियमन / पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन / पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
**- सचिव नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**